**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 08.01.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **राज्य में पुलिस आधुनिकीकरण के लिए 350 करोड़ रुपये की लागत से सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल रूम और तकनीकी प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना की जायेगी।**
- **केंद्र सरकार ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए पंखुड़ी नाम से डिजिटल पोर्टल लॉन्च किया ।**
- **जयपुर में सेना दिवस के सिलसिले में आज से नो यॉर आर्मी प्रदर्शनी शुरू**
- **फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले में संलिप्त गिरोह के खिलाफ ई.डी. का राजस्थान सहित देशभर में सर्च ऑपरेशन।**

000

राजस्थान सरकार पुलिस आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे के लिए 200 करोड़ रुपये का कोष गठित करेगी। साथ ही 350 करोड़ रुपये की लागत से सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल रूम और राजस्थान पुलिस तकनीकी प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले वर्ष के मुकाबले अपराधों में 15 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पुलिस को आम जनता में विश्वास कायम करना चाहिए।

...............

इस दौरान राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव शर्मा ने कहा कि यह कॉनफ्रेंस विकसित भारत थीम पर आयोजित की जा रही है।

.................

सम्मेलन में ई–विजिटर्स पोर्टल और ई–जीरो एफआईआर सुविधा का शुभारंभ भी किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थान का दर्जा मिलने पर मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को बधाई दी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुरुआत के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वाभिमान पर्व भारत माता की उन अनगिनत संतानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनवरी एक हजार छब्बीस में सोमनाथ पर पहला हमला हुआ था। श्री मोदी ने कहा कि बार–बार आक्रमणों के बावजूद, भक्तों की अटूट आस्था और भारत के सभ्यतागत संकल्प ने सोमनाथ का बार–बार पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया।

000

केंद्र सरकार ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए पंखुड़ी नाम से एक नया डिजिटल पोर्टल लॉन्च किया है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नई दिल्ली में इस पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर, गैर–सरकारी संगठनों और व्यक्तिगत योगदानकर्ताओं को महिला और बाल विकास योजनाओं से जोड़ने के लिए एक सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। इस पहल से देश के 14 लाख से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों और विभिन्न महिला शक्ति केंद्रों की सेवाओं में सुधार होने की उम्मीद है।

000

विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 कार्यक्रम कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। खेल और युवा मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि यह कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, चुनौतियों का सामना करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूपरेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे।

.........................

श्री मांडविया ने कहा कि भारत, दुनियाभर में सबसे अधिक युवाओं वाला देश है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य केवल नीतियों या संस्थानों से ही नहीं, बल्कि युवा नागरिकों की कल्पना, दृढ़ विश्वास और साहस से आकार लेगा।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि गरीब, पिछड़े और वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने का एकमात्र साधन शिक्षा है। वे आज बांसवाड़ा के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री बागडे ने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को मजबूती देने पर जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का होना आवश्यक है।

राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले पैंतीस विद्यार्थियों में से पच्चीस छात्राएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी बौद्धिक क्षमता का विकास करें और आजीवन ज्ञान की खोज में लगे रहें। समारोह के दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए।

000

राजस्थान को वर्ल्ड–क्लास डेस्टिनेशन इवेंट्स हब बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य की समृद्ध विरासत और संस्कृति इसे विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाती है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान के ऐतिहासिक स्थल वैश्विक समारोहों और उच्च श्रेणी के पर्यटन के भविष्य को नया आकार दे रहे हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को पर्यटन को बढ़ावा देने और लग्जरी शादियों तथा हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को एक साझा मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण बताया।

000

प्रदेश में पहली बार हो रही सेना परेड़ के सिलसिले में आज से जयपुर में नो यॉर आर्मी प्रदर्शनी शुरू हुई। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में शहीदों के सम्मान में 43 विद्यालयों का नामकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के नॉन–पेंशनर पूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं की पेंशन भी दस हजार से बढ़ाकर पंद्रह हजार रुपये कर दी है। श्री शर्मा ने सैनिकों के साहस, वीरता और बलिदान को अनुकरणीय बताया।

.................

इस प्रदर्शनी में सेना के टैंक, ड्रोन और आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान युवाओं को आर्मी जॉइन करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

000

प्रवर्तन निदेशालय ई.डी, फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले में संलिप्त संगठित गिरोह के खिलाफ देशभर में तलाश अभियान चला रहा है। निदेशालय ने बताया कि शुरूआत में इस घोटाले का पता भारतीय रेलवे के नाम से चला था। बाद में जांच के दौरान 40 से अधिक सरकारी संगठनों के नामों का भी खुलासा हुआ। इनमें वन विभाग, रेलवे भर्ती बोर्ड, भारतीय डाक, आयकर विभाग, उच्च न्यायालय, लोक निर्माण विभाग, बिहार सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण, राजस्थान सचिवालय सहित अन्य विभागों के नाम शामिल हैं। छह राज्यों के 13 शहरों के 15 स्थानों पर यह तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर रात के पारे में और गिरावट के साथ सर्दी और तेज़ हो गयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार चित्तौडगढ़, डूंगरपुर को छोडकर लगभग सभी स्थानों पर न्यूनतम तापमान इकाई अंक में पहुंच गया है। सीकर 2 दशवलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य का सबसे ठण्डा स्थान रहा। राजधानी जयपुर में आज मौसम की सबसे ठण्डी रात रही। यहां पारा 4 दशमलव 4 डिग्री दर्ज हुआ। हनुमानगढ़, गंगानगर, भरतपुर, अलवर, सहित कई जगह सुबह घना कोहरा रहा। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी दो–तीन दिन कोहरा छाने की संभावना जतायी। हालांकि न्यूनतम तापमान में आगामी दो–तीन दिन किसी विशेष बदलाव की संभावना नही है।

0000